भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3478

(जिसका उत्तर सोमवार, 08 अगस्त, 2022/17 श्रावण,1944 (शक) को दिया जाना है)

विदेशी ऋण

3478. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान में देश का वास्तविक विदेशी ऋण कितना है?
(ख) पिछले आठ वर्षों के दौरान देश के विदेशी ऋण का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या देश का विदेशी ऋण बढ़ रहा है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख): दिनांक 31 मार्च, 2015 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि के लिए भारत का बकाया विदेशी ऋण निम्नानुसार सारणी में प्रस्तुत किया गया है:

सारणी 1: भारत के विदेशी ऋण का स्टॉक

क्र.सं.	वर्ष (31 मार्च तक की स्थिति के अनुसार)	स्टॉक (बिलियन अमेरिकी डॉलर)
1.	2015	474.7
2.	2016	484.8
3.	2017	471.0
4.	2018	529.3
5.	2019	543.1
6.	2020	558.4
7.	2021	573.7
8.	2022	620.7

स्रोत: आरबीआई

(ग): 31 मार्च 2015 से 31 मार्च, 2022 तक की अवधि के दौरान, भारत का विदेशी ऋण स्टॉक 4.3 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ा था। जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत का विदेशी ऋण आठ वर्षों से कम हो रहा है और यह 31 मार्च 2022 तक 19.9 प्रतिशत था। विदेशी उधारियां देश को विदेशों में कम ब्याज दर का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करती हैं।

****